AADHAAR

PUNJAB KESARI, Delhi, 8.2.2018
Page No. 13, Size:(11.38)cms X (11.48)cms.

आधार का डाटा पूरी तरह सुरक्षित : रविशंकर

नई दिल्ली, (वार्ता): इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आज कहा कि आधार का डाटा पूरी तरह सुरक्षित है और आधार कार्ड न होने के बावजूद किसी गरीब को सुविधाओं के लाभ से वंचित नहीं होना पड़ेगा। श्री प्रसाद ने लोकसभा में प्रश्नकाल में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि देश में आधार का डाटा लीक होने का कोई मामला सामने नहीं आया है और यह पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास आधार कार्ड नहीं है तो उसे सरकारी सुविधाओं से वंचित नहीं किया जाएगा अलबत्ता वैकल्पिक व्यवस्था के जरिये उसे ये सुविधाएं मुहैया करायी जाएंगी। उन्होंने कहा कि यदि कारपोरेट समेत कोई अन्य निकाय आधार के डाटा का दुरुपयोग करता है तो उसके लिए कानून में तीन से सात वर्ष तक की कैद की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इस समय 120 करोड़ लोगों के पास आधार कार्ड हैं और इसकी बदौलत 57000 करोड़ रुपये बचाये गये हैं। उन्होंने कहा कि इससे गरीबों को कोई परेशानीं नहीं है और यह 'गेम चेंजर' साबित हुआ है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने इसकी प्रशंसा की है।